# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–27 अगस्त 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना' के पुनर्गठन और ऋण अवधि को इकतीस दिसंबर दो हजार चौबीस से आगे बढ़ाने को मंजूरी दे दी गई। यह ऋण अवधि अब इकतीस मार्च दो हजार तीस तक बढ़ा दी गई है। कैबिनेट की बैठक के जरिए केन्द्र सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवारों के लिए बेहतर ऋण, यूपीआई लिंक्ड क्रेडिट कार्ड, डिजिटल व्यवस्था और समग्र सामाजिक–आर्थिक विकास की सुविधा देने की पहल की गई है।

**********

जम्मू में माता वैष्णों देवी मंदिर मार्ग पर भारी वर्षा के बीच हुए भूस्खलन में हुई जनहानि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख व्यक्त किया है। कल इस हादसे में प्रदेश के एक युवक सहित कुछ अन्य श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई श्रद्धालु घायल हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रशासन सभी पीडित लोगों की सहायता कर रहा है। दुर्घटना के बाद से ही मौके पर राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस बीच, उत्तर रेलवे ने जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश के कारण पैंतालीस रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के लोकभवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित दो हजार चार सौ पचीस मुख्य सेविकाओं एवं तेरह फार्मासिस्टों को नियुक्ति–पत्र वितरित किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण और बाल स्वास्थ्य तथा पोषण के मामले में सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में चालीस हजार से अधिक बेटियों को केवल उत्तर प्रदेश पुलिस बल में भर्ती किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और बाल वाटिकाओं के सफलतापूर्वक संचालन का भी उल्लेख किया।

***बेटा हो या बेटी कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। लोगों में अवेयरनेस पैदा होनी चाहिए। जागरूकता बहुत महत्वपूर्ण है और इसी के लिए प्रदेश में हम लोगों ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलाई। मुझे प्रसन्नता है कि अभी छब्बीस लाख बेटियों को हम इस योजना के साथ जोड़े हुए हैं।***

प्रदेश के अन्य जिलों में भी समारोह के आयोजन कर लखनऊ के लोकभवन में हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जौनपुर जिले में कलक्ट्रेट सभागार में नवचयनित युवाओं ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल सम्बोधन सुना।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति दो हजार पचीस के बारे में विचार विमर्श किया। उन्होंने इस प्रस्तावित नीति के सम्बन्ध में कई अहम निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के संकल्प को मजबूती देने के साथ साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। यह न केवल विदेशी निवेश आकर्षित करेगी, बल्कि आयात पर निर्भरता घटाकर घरेलू मूल्य संवर्धन और विदेशी मुद्रा की बचत में भी सहायक होगी। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश ने औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है। अब समय है कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भी वैश्विक मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज गोरखपुर आ रहे हैं। वह विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। श्री शुक्ल कल शाम चार बजे आकाशवाणी गोरखपुर द्वारा आयोजित एक साक्षात्कार कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। वह 29 अगस्त को वापस लौट जायेंगे।

**********

मेरठ से लखनऊ तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब अयोध्या धाम स्टेशन से होते हुए वाराणसी कैंट स्टेशन तक चलाई जा रही है। आज यह ट्रेन वाराणसी कैंट स्टेशन से अयोध्या धाम पहुंची, जहां जनप्रतिनिधियों ने इसे हरी झंडी दिखा कर अगले स्टेशन के लिए रवाना किया।

**********

आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी हैं। आज से ही दस दिवसीय गणेश उत्सव की भी शुरुआत हो गई है। वाराणसी जिले में नमामि गंगे ने बड़ा गणेश मंदिर में गणेश जी की पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के परकोटे में विराजमान श्री गणेश भगवान का भी आज पूजन किया गया।

**********

भारतीय सूचना सेवा के उन्नीस सौ बानवे बैच के वरिष्ठ अधिकारी विवेक कुमार गौड़ का आज तडके नई दिल्ली में निधन हो गया। वे उन्सठ वर्ष के थे। विवेक कुमार गौड़ वर्तमान में आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग में कार्यरत थे।

**********